प्रो0 दीपक नगरिया
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2025/2256 दिनांकः 18 अक्टूबर, 2025

सेवा मे,

निदेशक/प्राचार्य
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

**विषयः सत्र 2024–25 सम सेमेस्टर, प्रथम चरण परीक्षा के चैलेंज मूल्यांकन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

विश्वविद्यालय के सत्र 2024–25 के सम सेमेस्टर के प्रथम चरण अध्ययनरत छात्र/छात्रओं की लिखित परीक्षायें दिनांक 17 मई, 2025 से 13 जून, 2025 के मध्य विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराई गई थी, जिसमें निम्नलिखित पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टर के अध्ययनरत छात्रों का चैलेंज मूल्यांकन कराये जाना प्रस्तावित है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः

| Sr. No. | COURSE | Final Year Final Semester | Pre Final Year Even Semester |
|---|---|---|---|
| 1 | B. TECH | - | 6th |
| 2 | B.F.A, B.F.A.D | - | 4th & 6th |
| 3 | B. PHARM | - | 4th & 6th |
| 4 | BHMCT | 8th | 6th |
| 5 | B.VOC | 6th | 4th |
| 6 | MCA-INT, MBA-INT, M.Tech-INT, B.ARCH | 10th | 4th, 6th & 8th |
| 7 | MCA & MBA ALL) | 4th | N.A. |

उक्त पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों की परीक्षाओं के रेगुलर छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके है। उक्त उल्लिखित परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले ऐसे छात्र/छात्रा जो अपनी उत्तर–पुस्तिकाओं का चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने के इच्छुक हैं, ऐसे छात्र/छात्रा जो उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्याः 39298/16–1099/17/2020 दिनांक 11 सितम्बर, 2020 के साथ संलग्नक श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के पत्र संख्या ई–7443/03– जी0एस0/2019(टी0सी0) (छायाप्रति संलग्न) में उल्लिखित/वर्णित गाइड लाईन (मानक निर्देश) के अनुसार आवेदन कर सकते है।

प्रथम चरण में चैलेंज मूल्यांकन हेतु छात्र/छात्रा को उक्त शासनादेश में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार तालिका में उल्लिखित पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों की मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका देखने के लिए प्रति विषय रू 300/– (तीन सौ) मात्र विश्वविद्यालय में ई0आर0पी0 लॉगिन के माध्यम से ऑन–लाइन जमा हेतु पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/20252/189 दिनॉक 8 अक्टूबर, 2025 को आवेदन किये जाने की सूचना दी गई थी। उक्त के संबंध में कतिपय संस्थानों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा अनुरोध के साथ अवगत कराया है कि चैलेंज मूल्यांकन हेतु मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका को देखने के लिए उक्त अवधि तक आवेदन नही किया गया है, अतः छात्रहित में किये गये अनुरोध पर उक्त तिथि को दिनांक **26 अक्टूबर, 2025तक सायं 5.00** तक तिथि विस्तारित किया गया है।

- प्रथम चरण में चैलेंज मूल्यांकन हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि के उपरान्त छात्र की डिजिटल मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका छात्र के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दी जायेगी।
- डिजिटल मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त यदि छात्र असंतुष्ट होता है तो नियत तिथि तक चैलेन्ज मूल्यांकन हेतु निर्धारित शुल्क जमा करते हुए आवेदन कर सकता है।

अतः उक्त से अवगत होते हुए चैलेंज मूल्यांकन का आवेदन करने हेतु इच्छुक छात्रों को अपने स्तर से भी सूचित करते हुए समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

Deepak Nagaria
18/10/2025

( प्रो0 दीपक नगरिया )
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

- प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
- संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
- प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार छात्रों का चैलेंज मूल्यांकन का आवेदन तथा निर्धारित शुल्क जमा कराने हेतु यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
- जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
- स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

( प्रो0 दीपक नगरिया )
परीक्षा नियंत्रक